| किशन कुमार साहनी | तृतीय | ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज |
| प्रभाश दूबे | सान्त्वना | सी.एम.पी.डिग्री कॉलेज |





बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्राओं के मध्य 'धर्म निरपेक्षता और भारतीय समाज तथा धर्मान्तरण और नैतिकता' विषय पर विचार अभिव्यक्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**संस्कृत विभाग** द्वारा अन्तरमहाविद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था – 'देश की एकता और अखण्डता के मूल में संस्कृत भाषा और साहित्य'। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा–

| छात्रा का नाम | कक्षा | महाविद्यालय | स्थान |
|---|---|---|---|
| स्वाति त्रिपाठी | बी.ए.तृतीय वर्ष | श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, फाफामऊ, इलाहाबाद | प्रथम |
| दीक्षा मालवीय | बी.ए.द्वितीय वर्ष | राजर्षि टण्डन महिला महाविद्यालय | द्वितीय |
| ऋतम्भरा मिश्रा | बी.ए.प्रथम वर्ष | श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय, फाफामऊ, इलाहाबाद | तृतीय |
| संजना पाण्डेय | बी.ए.तृतीय वर्ष | सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय | सान्त्वना |

**समाजशास्त्र विभाग** द्वारा बी.ए. प्रथम की छात्राओं का विषय मूल्यांकन मापनी द्वारा सामाजिक विषयों से सम्बन्धित सामान्य ज्ञान का परीक्षण किया गया। इन्हीं छात्राओं द्वारा 'स्वच्छता' से सम्बन्धित स्व मापनी का निर्माण एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य में उसका प्रयोग कराया गया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा 'बालश्रम' पर प्रोजेक्ट कार्य कराया गया। बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्राओं के मध्य 'नारी सशक्तीकरण' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता तथा 'भ्रष्टाचार' विषय पर आलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**अंग्रेजी विभाग** द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था–"The Relevance of Teaching English" बी.ए. प्रथम व द्वितीय वर्ष की छात्राओं के बीच Extempore Speech Competition" का आयोजन किया गया। छात्राओं की विषय सम्बन्धित उपन्यासों में रूचि विकसित करने के उद्देश्य से अनेक – A Passage to India, David Copperfield, Pride and Prejudice तथा Macbeth आदि Film भी

दिखाई गई।

**प्राचीन इतिहास विभाग** में **इलाहाबाद विश्वविद्यालय के रक्षा अध्ययन और स्त्रैतजिक विभाग** के **प्रो. आर. के. टण्डन** ने इलाहाबाद संग्रहालय में **'आयुधों का अध्ययन भारतीय इतिहास के परिप्रेक्ष्य में'** विषय पर व्याख्यान दिया और इलाहाबाद संग्रहालय में रखे पुराने आयुधों की Power Point Presentation द्वारा जानकारी प्रदान की। बी.ए.तृतीय वर्ष की लगभग 20 छात्राओं ने 'कला एवं स्थापत्य–युगयुगीन कला' विषय पर प्रोजेक्ट बनाए।

**प्राचीन इतिहास** एवं **मध्यकालीन इतिहास विभाग** के संयुक्त तत्त्वावधान मे **'Rare Manuscript: Source of History'** विषय पर कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। यह प्रदर्शनी इलाहाबाद के क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं पांडुलिपि विभाग के सौजन्य से आयोजित थी। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन इलाहाबाद विश्वविद्यालय के **प्राचीन इतिहास विभाग** के **प्रो. एच.एन.दूबे** ने किया। **डॉ.ए.के.अग्निहोत्री** ने पांडुलिपियों के महत्व पर प्रकाश डाला और प्रमुख पांडुलिपियों की जानकारी पावर प्वांइट प्रेजेन्टेशन द्वारा दी। उन्होंने दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

**मध्यकालीन इतिहास विभाग** में सरदार वल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व और राष्ट्रीय एकता में उनके योगदान पर एक प्रोजेक्ट कार्य भी छात्राओं से कराया गया। विभाग द्वारा ही 'आजादी के बाद भारत की प्रगति कितनी' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**चित्रकला विभाग** द्वारा अक्टूबर माह में 'दिवाली डेकोरेशन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने फूलदान, दीपक, तोरण, पूजा की थाल की सजावट, वॉल हैगिंग इत्यादि बनाई एवं प्रदर्शित की। नवम्बर माह में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु C.D. Show का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को चीन और जापान की चित्रकला की जानकारी दी गई। दिसम्बर माह में नैक टीम विज़िट के दौरान महाविद्यालय की आर्ट गैलरी में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले पाँच वर्षों में बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्राओं द्वारा बनाये गये लगभग 65 चित्रों को प्रदर्शित किया गया।

**ऑफिस मैनेजमेन्ट एण्ड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिसेज विभाग** मे बी.ए.तृतीय वर्ष की छात्राओं ने पाठ्यक्रम के विषयों पर Power Point Presentations तैयार किये। बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने विषय से सम्बन्धित मॉडल तैयार किये। छात्राओं ने ICA द्वारा आयोजित 'Excel ka Don' प्रतियोगिता एवं Methodox द्वारा आयोजित कार्यशाला 'Operation of Smartclasses' में भी सक्रिय सहभागिता की।

**संगीत विभाग** द्वारा सत्र भर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस, दामोदर श्री राष्ट्रीय अकादमिक विशिष्टता सम्मान समारोह तथा वार्षिकोत्सव, गणतन्त्र दिवस तथा नैक पीयर टीम विज़िट, पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आगमन पर गणेश वंदना, देशगीत, गुरू वंदना, नृत्य–नाटक आदि की मोहक प्रस्तुति की गई। सरस्वती पूजा के अवसर पर विभाग की छात्राओं द्वारा भजन एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई।

**सरोज–लाल जी मेहरोत्रा विज्ञान संकाय** के अन्तर्गत **भौतिक विज्ञान** विभाग में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ.विवेक कुमार तिवारी, 'मानव जागृति और विज्ञान की प्रगति' पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। विभाग द्वारा महिला वैज्ञानिकों के योगदान पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये।

**जन्तु विज्ञान विभाग** द्वारा 'विश्व ओजोन दिवस' के उपलक्ष्य मे एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका विषय था – 'Ozone Layer Depletion'A

इसमें विभाग की कुल 33 छात्राओं ने भाग लिया।

**जन्तु विज्ञान** विभाग तथा **बायोटेक्नोलॉजी** विभाग द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'Isolation and Identification of Microorganism from Different Sources' इस कार्यशाला में विभाग की 40 छात्राओं ने भाग लिया। दिसम्बर माह में विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'Analysis of Water Samples Collected from different sites of Allahabad' इस कार्यशाला में छात्राओं ने different water samples की qualitative & quantitative analysis किया।

रसायन विज्ञान विभाग में बी.एस–सी.प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु चार्ट व मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 मॉडल व 30 चार्ट, प्रदर्शित किये गए। बी.एस–सी.द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने विषय से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार कर उनका display किया। विभाग में बी.एस–सी.तृतीय वर्ष की 20 छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर Power Point Presentations तैयार कर उन्हें प्रस्तुत किया।

रसायन विज्ञान विभाग व इको क्लब के संयुक्त तत्वाववधान में नवम्बर माह में 'Environmental Problems' विषय पर Power Point Presentation का आयोजन किया गया। जिसमे वाणिज्य और विज्ञान संकाय की 10 छात्राओं ने भाग लिया। दिसम्बर माह में 'Avoid use of Polythene' विषय पर इको क्लब द्वारा एक Slogan Display का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकायों की छात्राओं ने आकर्षित Slogan बनाकर उन्हें प्रदर्शित किया।

वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा 'Dimensions in Botany' विषय पर चार्ट पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, इसमें तीनो वर्षों की छात्राओं ने भाग लिया। विभाग द्वारा 'Plants and Human welfare' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने Power Point Presentation द्वारा प्रपत्र प्रस्तुत किये। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय एवं आस–पास के क्षेत्र में वनस्पतियों का Survey किया गया, जिससे उन्हें प्राकृतिक वनस्पतियों के बारे में जानकारी मिली।

गणित विभाग द्वारा National Board for Higher Mathematics द्वारा आयोजित 'Madhava Mathematics Competition' में छात्राओं ने भाग लिया। बी.एस–सी. द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने Hydrodynamics विषय पर चार्ट तैयार किए। बी.एस–सी.तृतीय वर्ष की छात्राओं ने Real Analysis विषय पर चार्ट तैयार किए।

वाणिज्य संकाय में समय–समय पर विशेषज्ञ शिक्षकों के व्याख्यान आयोजित किये गये। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डिपार्टमेन्ट ऑफ कामर्स एण्ड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से आमंत्रित प्रो.अरूण कुमार ने बिजनेस और कॉमर्स के क्षेत्र में 'Time Management' विषय पर तथा प्रो.रमेन्दु रॉय ने 'Major changes in Indian Companies Act' विषय पर सारगर्भित व्याख्यान देकर छात्राओं को लाभान्वित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के MONIRBA से आमंत्रित डॉ.आर.के.सिंह ने 'Accounting and Finance' विषय पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी वाणिज्य संकाय द्वारा Prof.G.C.Agarwal Memorial Paper Writing and Quiz Competition – 2014 आयोजित किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त समस्त संघटक महाविद्यालयों की टीम ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार है:–

प्रश्नमंच प्रतियोगिता :–

| संस्थान | टीम | परिणाम |
|---|---|---|
| एस.एस.खन्ना महिला महाविद्यालय | स्वाति द्विवेदी<br>श्रेष्ठा श्रीवास्तव<br>महे तलत | प्रथम |
| जगत तारन महिला महाविद्यालय | शालिनी पाठक<br>शाम्भवी राय<br>श्रेयांसी द्विवेदी | द्वितीय |
| ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज | आनन्द जायसवाल<br>रवि पर्वा<br>आनन्द मिश्रा | तृतीय |
| इलाहाबाद विश्वविद्यालय | प्रशान्त जायसवाल<br>पंकज कुमार<br>सुजाता केसरी | सान्त्वना |
| इलाहाबाद डिग्री कॉलेज | साक्षी गुप्ता<br>स्वधा द्विवेदी<br>अवंतिका निशाद | सान्त्वना |

प्रपत्र लेखन प्रतियोगिता –
विषय – PPP: A Tool for Economic Development

| नाम | संस्थान का नाम | परिणाम |
|---|---|---|
| वर्तिका श्रीवास्तव | जगत तारन महिला महाविद्यालय | प्रथम |
| शाम्भवी राय | जगत तारन महिला महाविद्यालय | द्वितीय |
| शोभना वर्मा | एस.एस.खन्ना महिला महाविद्यालय | तृतीय |
| अजीता सिंह | एस.एस.खन्ना महिला महाविद्यालय | सान्त्वना |
| सदफ फातिमा | एस.एस.खन्ना महिला महाविद्यालय | सान्त्वना |


प्रतियोगिता के सभी विजित प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.रमेन्दु राय द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

राष्ट्र निर्माण में कुशल व प्रतिबद्ध शिक्षक वर्ग की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। अतः किसी भी संस्थान द्वारा योग्य शिक्षिकाएं निर्मित करने का दायित्व शिक्षण कार्य के साथ–साथ अन्य गतिविधियों के संचालन से ही पूर्ण हो सकता है। इसी विचार के अनुरूप डॉ.मधु टंडन बी.एड.संकाय में सितम्बर माह में छात्रा संसद का गठन एवं सूक्ष्म शिक्षण कार्य का आयोजन किया गया। इसके पश्चात् 30 दिनों का अभ्यास शिक्षण सफलता पूर्वक कराया गया। नवम्बर माह में छात्राओं को उपलब्धि परीक्षण का निर्माण करना सिखाया गया तथा शिक्षक – अभिभावक संघ का गठन किया गया। दिसम्बर माह में पाँच दिवसीय गाइडिंग शिविर एवं SUPW कार्यशाला आयोजित की गई। जनवरी माह में सेमिनार कक्षाएं एवं शिक्षक सहायक सामग्री कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें छात्राध्यापिकाओं को विभिन्न विषयों से सम्बन्धित शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण करना सिखाया गया। सत्र के अन्त में मुख्य अभ्यास शिक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न कराया गया।

व्यक्ति के भावनात्मक पक्ष को कलात्मक और सुरूचिपूर्ण बनाने का सशक्त माध्यम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति के निर्देशन में छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस, शिक्षक दिवस, दामोदरश्री राष्ट्रीय अकादमिक विशिष्टता सम्मान समारोह पर गणेश वंदना व सरस्वती वंदना की मोहक प्रस्तुति की गई। महाविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति माननीय ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के आगमन पर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव व नैक पीयर टीम के आगमन पर उनके स्वागत हेतु राग मिश्र भैरवी पर आधारित सरस्वती वंदना, राग शिवरंजनी व तीन ताल में निबद्ध फ्यूजन द्वारा छात्राओं ने अपनी कला तथा योग्यता को प्रदर्शित किया, जिसमें सितार, तबला, पखावज व सिंथेसाइजर के युगल वादन ने दर्शकों के दिल के तार को झंकृत कर दिया। नृत्य नाटिका 'कलाकार का स्वप्न' के माध्यम से प्रदेशों की लोक कलाओं को एक सूत्र में पिरोकर भारत की महान अतुल्य संस्कृति से परिचित कराने का प्रयास किया गया। शेक्सपीयर द्वारा लिखित 'मेकबेथ' नाटक के संक्षिप्त रूपान्तरण ने दर्शकों के दिलों को छू लिया।

महाविद्यालय का अकादमिक और सांस्कृतिक वातावरण अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा और दायित्वबोध महाविद्यालय को निरन्तर प्रगति पर अग्रसर करता रहे–समस्त गतिविधियों का यही उद्देश्य है।

# अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ











# अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां

अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता छात्राओं के चतुर्मुखी विकास के लिये आवश्यक है। इसी विचार के अनुरूप महाविद्यालय छात्राओं ने सत्र पर्यन्त महाविद्यालय, अन्तर इकाई, जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त कर व्यक्तिगत गौरव वृद्धि करने के साथ–साथ महाविद्यालय प्रगति में भी योगदान दिया।

यूनाइटेड नेशन्स इन्फॉरमेशन सेन्टर फॉर इंडिया एन्ड भूटान तथा श्री राम चन्द्र मिशन के संयुक्त तत्त्वावधान में "वह व्यक्ति जिसका आन्तरिक जीवन नहीं है, अपनी परिस्थितियों का गुलाम हैं – (हेनरी फ्रेडरिक)" विषय पर अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की 10,000 संस्थाओं और 11 भाषाओं में आयोजित दो लाख प्रतिभागियों में महाविद्यालय की बी.ए. तृतीय वर्ष की तनु वर्मा, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की नौशीन नज़र, बी.ए. प्रथम वर्ष की रंजना पाल, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की रश्मि लखमानी, बी.एड. संकाय की तनुशा यादव, आयशा एहसान, दिव्या कुमारी और कंचन शुक्ला का निबंध जोनल स्तर के पुरस्कार हेतु चयन किया गया।





आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में प्रकाश चन्द्र जुगमन्दर दास अग्रवाल लोकहित ट्रस्ट द्वारा प्रायोजित अन्तर महाविद्यालय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की तेरह छात्राओं ने प्रतिभागिता कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में हिन्दी पखवारे में आयोजित स्वरचित कहानी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा दस्तगीर खानम को प्रथम तथा स्वरचित काव्य पाठ प्रतियोगिता में अबीहा रिज़वी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

हमीदिया गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बी.ए. द्वितीय वर्ष की अमीशा खान तथा आफरीन शकील ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में हिन्दी पखवारे के अन्तर्गत आयोजित निबंध लेखन, स्वरचित कहानी एवं कविता प्रतियोगिता में छात्राओं ने भाग लिया जिसमें महाविद्यालय की बी.कॉम. तृतीय वर्ष की अंकिता मेहरा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित संस्कृत निबंध, सामान्य ज्ञान, श्लोक पाठ एवं एकल गीत प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष की शिवानी त्रिपाठी एवं तृतीय वर्ष की नलिनी निषाद ने प्रतिभागिता कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवानी त्रिपाठी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

Logophilia Education Pvt. Ltd. द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 54 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें GALA event के लिए महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व बी.ए. तृतीय वर्ष की काशिफा इतरत, बी.ए. द्वितीय वर्ष की प्रिया गुप्ता तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की नवीना नैवेद्य ने किया।

जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में 'Social Networking Sites- Boon or Bane' विषय पर आयोजित वाद–विवाद

प्रतियोगिता में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी सिंह तथा बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की अरुणिमा शर्मा को 'Best Team' का पुरस्कार प्राप्त हुआ। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की छात्रा जैनब बुतुल एवं रश्मि लखमानी ने जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में Com Edu Fest के अन्तर्गत 'Prospects of skill Development' विषय पर आयोजित लघु शोध पत्र लेखन प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज में 'Effect of Tobacco Consumption on Human Health in Present Scenario' विषय पर आयोजित PPT प्रतियोगिता में बी.कॉम. प्रथम वर्ष की वन्दिता अग्रवाल ने प्रथम तथा साक्षी सिंह ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज के जन्तु विभाग द्वारा "Radiation – A Silent Pollution Injurious to Health' विषय पर आयोजित अन्तर्महाविद्यालयीय निबन्ध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 17 छात्राओं ने प्रतिभागिता की, जिसमें बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की तस्नीम फातिमा ने प्रथम, अलीमा सुम्बुल ने द्वितीय तथा दीक्षा तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

National Academy of Sciences द्वारा 'Scientific Temper" विषय पर आयोजित National Workshop में बी. एस–सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की 42 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

NASI द्वारा आयोजित National Mathematics Day पर "Topics in Algebraic Topology and Application" विषय पर आयोजित कार्यशाला में बी.एस–सी. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की 23 छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित Madhav Mathematics Competition में बी.एस–सी. की 25 छात्राओं ने भाग लिया। सत्र 2014–15 में 18 प्रतिभागियों ने इस प्रतिभागिता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

National Graduate Physics Examination में इस वर्ष महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने भाग लिया। विगत वर्ष में आयोजित इसी परीक्षा में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की अंजलि चावला व पल्लवी केसरवानी तथा बीना सिंह व शेफाली केसरवानी ने 10% अंक से अधिक अंक प्राप्त करने का प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

समाजिक विज्ञान परिषद व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वावधान में 'Heartfulness & Stress Management' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें 'ध्यान' के महत्व को विषय विशेषज्ञ इलाहाबाद डिग्री कालेज के राजनीति विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नरेन्द्र बाजपेयी तथा Heartfulness कार्यक्रम के जोनल इंचार्ज सुयश मिश्रा के व्याख्यान एवं प्रयोग द्वारा स्पष्ट किया गया। फिल्में मनोरंजन पूर्ण ज्ञान का साधन हैं सामाजिक विज्ञान परिषद तथा छात्र कल्याण परिषद के संयुक्त तत्त्वावधान में इस तथ्य के अनुरूप छात्राओं को 'एयर लिफ्ट' तथा 'चाक डस्टर' फिल्में महाविद्यालय ऑडोटोरियम में दिखाई गई। सामाजिक विज्ञान परिषद एवं अन्य सभी परिषदों के संयुक्त तत्त्वावधान में UNESCO द्वारा घोषित 'मातृ भाषा दिवस' का आयोजन किया गया।

समस्त परिषदों के संयुक्त तत्त्वावधान में 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन किया गया। निराला सभागार, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में क्षितीन्द्र नाथ मजुमदार की जयन्ती पर आयोजित कला प्रतियोगिता में महाविद्यालय के चित्रकला विभाग की छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

चित्रकला विभाग में बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा 'क्रियेटिव आर्ट वर्क' के अन्तर्गत कार्ड मेकिंग, बुक मार्क एवं डायरी कवर मेकिंग इत्यादि करवाया गया। विभाग तथा विस्तार कार्य समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'पर्यावरण संरक्षण' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला 'दिवाली डेकोरेशन' का आयोजन किया गया, जिसके अन्तर्गत छात्राओं को 'ब्रेड क्राफ्ट' से दिया, फूलदान, मोमबत्ती, फोटोफ्रेम और पेपर क्वलिंग से विभिन्न प्रकार की सजावटी वस्तुओं का निर्माण करना सिखाया गया। इसके अतिरिक्त तीन दिवसीय कला कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें Fevicryl Art Company, Kanpur से आये प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा फ्रैबिक कलर और M. seal के माध्यम विभिन्न सजावटी वस्तुओं का निर्माण छात्राओं द्वारा कराया गया। वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर पेन्टिंग विभाग हेतु निर्मित

भवन का उद्घाटन किया गया।

दर्शन विभाग द्वारा सत्र के प्रारम्भ में विषय की जानकारी देने के उद्देश्य से ''दर्शन की जीवन में उपयोगिता' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। विभाग द्वारा अन्तर इकाई प्रपत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा अन्य महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है –

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान | महाविद्यालय / विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक मिश्रा | बी.ए. तृतीय | प्रथम | इलाहाबाद विश्वविद्यालय |
| 2 | ऋषभ गुप्ता | बी.एड. | द्वितीय | के.पी. ट्रेनिंग कालेज |
| 3 | नीलू मिश्रा | बी.एड. | तृतीय | एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय |
| 4. | मोहिनी मिश्रा | बी.ए. द्वितीय | सांत्वना | आर्य कन्या डिग्री कालेज |
| 5. | अंकिता शुक्ला | बी.ए. द्वितीय | सांत्वना | ईश्वर शरण डिग्री कालेज |
| 6 | किशन कुमार साहनी | बी.कॉम. तृतीय | सांत्वना | ईश्वर शरण डिग्री कालेज |

संगीत विभाग में महाविद्यालय में सत्र भर आयोजित कार्यक्रमों जैसे स्वतंत्रता दिवस, फ्रेशर फंक्शन, दामोदर श्री, राष्ट्रीय एकता दिवस, राष्ट्रीय संगोष्ठी में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, फ्यूजन गीत, गणेश वंदना प्रस्तुत की गई। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती पूजा का आयोजन भी विभाग द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त विभाग में अन्तरइकाई लोकगीत प्रतियोगिता ''सप्तस्वर'' आयोजित की गई। जिसमें डॉ. प्रमिति चौधरी, डॉ. अनुराधा बनर्जी और श्री उत्पल बापी ने निर्णायक का दायित्व वहन किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार रहा–

| क्र.सं. | महाविद्यालय टीम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | आर्य कन्या डिग्री कॉलेज | प्रथम |
| 2. | एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | द्वितीय |
| 3. | राजर्षि टंडन गर्ल्स डिग्री कॉलेज | तृतीय |
| 4. | श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय | सान्त्वना |
| 5. | सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज | सान्त्वना |

इतिहास परिषद के अन्तर्गत प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की छात्राओं ने 'युगयुगीन कला' विषय पर प्रोजेक्ट बनाए। मध्यकालीन इतिहास की छात्राओं ने 'गांधी जी' और '1857 का स्वाधीनता संग्राम'' विषय पर प्रोजेक्ट बनाए। विवेकानन्द जयन्ती के अवसर पर Wall Magazine 'सृजन' का विवेकानन्द विशेषांक तैयार किया। सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इतिहास परिषद, छात्र कल्याण परिषद तथा अकादमिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचीन इतिहास विभाग की छात्राओं ने पटेल जयन्ती के अवसर पर Wall Magazine सृजन का ''पटेल–इतिहास के झरोखे'' से विषयक विशेषांक तैयार किया। इतिहास परिषद द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के डॉ. अशर्फी लाल श्रीवास्तव का व्याख्यान आयोजित किया गया जिसका विषय था – ''प्राचीन भारत का प्रथम पितृहन्ता राजवंश'' तथा 'प्राचीन भारत में राजनीतिक विवाह'। इस अवसर पर उन्होंने 'धरोहर' संग्रहालय में रखी मूर्तियों की मूर्ति शिल्प के संदर्भ में व्याख्या की। इतिहास परिषद द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मध्यकालीन इतिहास विभाग के प्रो. हेरम्ब चतुर्वेदी का व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसका विषय था – 'मध्यकालीन भारत में राजत्व की अवधारणा'।

संस्कृत विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय था– ''भारतीय संस्कृति व संस्कारों का मूल–संस्कृत भाषा''। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे –

| क्र.सं. | स्थान | नाम | कक्षा | महाविद्यालय / विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम स्थान | शिवानी त्रिपाठी | बी.ए. प्रथम | एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय |
| | | ऋतम्भरा | बी.ए. द्वितीय | श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय |
| 2. | द्वितीय स्थान | पूजा | बी.ए. तृतीय वर्ष | ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज |
| | | रोमी यादव | बी.ए. तृतीय वर्ष | श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय |
| 3. | तृतीय स्थान | प्रज्ञा मालवीय | बी.ए. द्वितीय वर्ष | राजर्शि टण्डन महिला महाविद्यालय |
| | | श्रद्धा तिवारी | बी.ए. तृतीय वर्ष | आर्य कन्या डिग्री कॉलेज |
| | | पारुल मिश्रा | बी.ए. तृतीय वर्ष | ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज |
| 4. | सान्त्वना पुरस्कार | सरोज | बी.ए. प्रथम वर्ष | एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय |
| | | शैलजा कुमारी | बी.ए. प्रथम वर्ष | यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज |
| | | अमिता गौतम | बी.ए. तृतीय वर्ष | राजर्षि टण्डन महिला महाविद्यालय |
| | | सोनम कनौजिया | बी.ए. तृतीय वर्ष | आर्य कन्या डिग्री कॉलेज |
| | | प्रियंका यादव | बी.ए. तृतीय वर्ष | ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज |
| | | मनीषा पटेल | बी.ए. तृतीय वर्ष | श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय |

उर्दू विभाग द्वारा इस्मत चुगताई जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इस्मत चुगताई पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. अली अहमद फात्मी ने अपने विचार प्रस्तुत किये।

अंग्रेजी विभाग में छात्राओं ने पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विषयों पर extempore speech competition में भाग लिया। विषय को रुचिकर बनाने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम पर आधारित नाटकों और उपन्यासों से सम्बन्धित फिल्में भी दिखाई गई, जिनमें से Pride and Prejudice, Macbeth, Merchant of Venice, David Copperfield A Passage to India, Guide आदि प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त विभाग की छात्राओं ने Logophilia द्वारा आयोजित प्रतियोगिता "Logophilia Series" में भी भाग लिया।

नन्द किशोर खन्ना वाणिज्य संकाय परिषद द्वारा "Different Avenues in Commerce and Management" विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रशासन विभाग के प्रो. अरुण गर्ग ने छात्राओं को वाणिज्य के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं व्यावसायिक प्रशासन विभाग के प्रो. जे.एन. भार्गव द्वारा "Time Management" विषय पर सारगर्भित व्याख्यान आयोजित किया गया। विभाग में "Digital India" विषय पर PPT प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 12 महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त विभाग में Career Support Programme आयोजित किया गया जिसमें UPTEC से आए वक्ता ने विभिन्न कम्प्यूटर कोर्स के बारे में बताया। कार्यक्रम की श्रृंखला में वाणिज्य संकाय द्वारा प्रो. जी.सी. अग्रवाल मेमोरियल अन्तर इकाई प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसका परिणाम इस प्रकार है –

| संस्था का नाम | स्थान |
|---|---|
| इलाहाबाद विश्वविद्यालय | प्रथम |
| एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | द्वितीय |
| जगत तारन महिला महाविद्यालय | तृतीय |

इसके अतिरिक्त संकाय में अन्तर महाविद्यालीय प्रपत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थान एवं पुरस्कार प्राप्त छात्राओं का विवरण इस प्रकार है–

| संस्था का नाम | छात्रा का नाम | स्थान |
|---|---|---|
| एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | अनामिका त्रिपाठी | प्रथम |
| एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | कृति बासु | द्वितीय |
| जगत तारन महिला महाविद्यालय | 1. देवयानी श्रीवास्तव | तृतीय |
| एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | 2. नौशीन | |
| एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय | 1. अरूणिमा शर्मा | सांत्वना |
| जगत तारन महिला महाविद्यालय | 2. मनीषा सिंह | पुरस्कार |

सरोज लाल जी मेहरोत्रा विज्ञान संकाय में विज्ञान परिषद के तत्त्वावधान में सत्र के प्रारम्भ में एक दिवसीय 'Orientation workshop' का आयोजन किया गया, जिसमें ई.सी.सी. के भौतिकी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. आर.पी. खरे द्वारा बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की छात्राओं को सामान्य एवं महत्वपूर्ण तथ्यों जैसे कक्षा में उपस्थिति Notes preparation व विभिन्न Support services के बारे में जानकारी दी गई। परिषद एवं विस्तार कार्य समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कराया गया। इसके अतिरिक्त Science wall Magazine "Plexus" के समस्त कार्यक्रम एक माह तक Late Ex-President APJ Abdul Kalam को श्रद्धांजलि के रुप में समर्पित किये गये। नवम्बर माह में परिषद द्वारा निबन्ध लेखन का आयोजन किया गया, जिसका विषय था 'Impact of Environmental Degradation'.

जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं को NASI की गंगा गैलरी का भ्रमण करवाया गया। World Ozone Day के अवसर पर विभाग द्वारा अन्तर्महाविद्यालयीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों के 34 छात्र / छात्राओं ने भाग लिया। निबन्ध का विषय था – "Causes & Consequences of Ozone Layer Depletion/Changing Climates: A Global Issue" जन्तु विज्ञान विभाग एवं बायोटेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्त्वावधान में "Isolation and Identification of Microorganism from different Sources' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने महाविद्यालय प्रांगण के अतिरिक्त रमा देवी इण्टर कालेज, एस.के.पी. इण्टर कॉलेज व टैगोर पब्लिक स्कूल की मिट्टी के नमूनों की जांच की। मिट्टी में Microbial Contamination की Serial dilution method द्वारा जांच की गई। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय कैंटीन की चटनी व आस–पास की दुकानों की खाद्य सामग्री में भी Microbes की जांच की गई। विभाग द्वारा "Analysis of water Samples collected from Different sites of Allahabad" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को गंगा नदी, यमुना नदी व तीन तालाबो के पानी के नमूनों की Biological और chemical analysis की जानकारी दी गई। कार्यशाला में छात्राओं ने विभिन्न Parameters जैसे D.O., Free $CO_2$, जल की क्षारीयता, Turbidily, Chloride ious व Zooplankton की Qualitative व Quantitative analysis का प्रयोग किया। जन्तु विज्ञान विभाग तथा Extension Activity Cell के संयुक्त तत्त्वावधान में एक guest lecture का आयोजन किया गया, जिसमें UGC के Emeritos Professor, Prof. U.C. Srivastava ने Nutrition and Healthy Living विषय पर व्याख्यान दिया। इसमें उन्होंने antioxidants व free radicals के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। विभाग द्वारा 'Zoo Fest' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें बी.एस–सी. की छात्राओं ने 36 charts व Models प्रदर्शित किये। इसके अतिरिक्त बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट भी बनाए।

भौतिकी विभाग द्वारा Electronics विषय पर workshop आयोजित की गई, जिसमें बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं

ने अनेक रोचक विषयों पर प्रोजेक्ट बनाए। इसके अतिरिक्त बी.एस–सी. द्वितीय की छात्राओं को Overhead projector की सहायता से Optics एवं बी.एस–सी. प्रथम एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को LCD Projector और Multimedia की सहायता से Electricity एवं Digital Electronics विषय समझाए गए।

गणित विभाग में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए 'स्लोगन एवं सूक्तियां', प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त विभाग की 5 छात्राओं ने "दामोदर श्री" निबन्ध प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की।

वनस्पति विज्ञान विभाग में "Herbarium Preparation" विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें छात्राओं को पौधो का संग्रहण, पौधो को सुखाने एवं हरबेरियम की शीट में लगाने की विधियां बताई गई। नवम्बर माह में विभाग में 'Applied Aspects of Botany' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने PowerPoint पर अपने प्रपत्र प्रस्तुत किये। बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की वनस्पति विज्ञान विभाग की Ruxburgls Botanical Garden एवं Agharkar Botanical Museum में वनस्पतियों एवं उनके जीवाश्मों के अध्ययन हेतु ले जाया गया। वहां पर Prof. D.K. Chauhan द्वारा उन्हें वनस्पतियों एवं जीवाश्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

रसायन विज्ञान विभाग में बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की छात्राओं ने "Applications of Coordination Chemistry in daily life" विषय पर PowerPoint Presentation प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त बी.एस–सी. तृतीय वर्ष की पांच छात्राओं ने यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज के रसायन विभाग में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में भाग लिया। सेमिनार का विषय था– Industrial and Biological Applications of coordination chemistry इस सेमिनार के तृतीय Session में महाविद्यालय की जागृति गुप्ता ने PPT Presentation में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य कार्यक्रम में बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने Inorganic Chemistry से सम्बन्धित विविध विषयों पर Charts भी बनाए।

डॉ. मधु टण्डन बी.एड. संकाय का द्विवर्षीय सत्र 2015 में प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के कला संकाय की पूर्व डीन प्रो. मृदुला त्रिपाठी एवं मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय, शिक्षा शास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. प्रतिभा उपाध्याय थीं। "छात्रों के सर्वांगीण विकास में विद्यालयीय क्रियाओं की भूमिका" विषय पर छात्राध्यापिकाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये, जिसके आधार पर 'छात्रा परिषद' के विभिन्न पदों के लिये उनका चयन किया गया। सूक्ष्म शिक्षण की प्रायोगिक कक्षाओं के साथ–साथ अतिथि व्याख्यान माला के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. एस.पी. गुप्ता ने 'शैक्षिक उद्देश्यों का व्यावहारिक स्वरूप' विषय पर व्याख्यान दिया।

छात्राओं में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा के प्रति रुचि जागृत करने और उनकी कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिये महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के निर्देशन में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रमुख रूप से – स्वतंत्रता दिवस, नवोत्कर्ष, दामोदर श्री राष्ट्रीय अकादमिक विशिष्टता सम्मान समारोह, सरदार वल्लभ भाई पटेल जयन्ती तथा राष्ट्रीय सेमिनार में देशगीत, सरस्वती वंदना, गणेश वन्दना, फ्यूजन गीत एवं भजन की प्रस्तुति की गयी। महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव 'उदिता' में सरस्वती वंदना, लोक नृत्य एवं छात्राओं द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन "शब्द रंग" की मनोहारी, प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मंडलायुक्त श्री राजन शुक्ला ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर देश भक्ति परक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. योगेश्वर तिवारी ने महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां












# आकस्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ

















# अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियां




महाविद्यालय छात्राओं ने सत्र पर्यन्त महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, अन्तर इकाई, जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर की अकादमिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किया। छात्राओं की अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता और उपलब्धियों से उनके व्यक्तिगत यश के साथ ही महाविद्यालय गौरव में भी वृद्धि हुई।

यूनाइटेड नेशन्स इन्फॉरमेशन सेन्टर फॉर इंडिया एन्ड भूटान तथा श्री राम चन्द्र मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षा का समग्र उद्देश्य है, आइनों को झरोखों में बदलना' – सिडने जे हेरिस विषय पर आयोजित अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कला, विज्ञान, वाणिज्य और बी.एड. संकाय से 100 छात्राओं ने भाग लिया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की 10,000 संस्थाओं और 11 भाषाओं में आयोजित दो लाख प्रतिभागियों में महाविद्यालय की बी.ए. प्रथम वर्ष की पूनम कुशवाहा, स्नेहा यादव, नेहा खन्ना, द्वितीय वर्ष की श्यान इकबॉल, बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की अराधना श्रीवास्तव, एकता, सिमरन गुप्ता, खदीज़ा नाबिया, बी.एस–सी. प्रथम वर्ष की नेहा सिंह, वैशाली गुप्ता, कृति पाठक, केसर फातिमा, बी.एड. संकाय की राज पल्लवी सिंह, आयशा एहसान, सुमन पाण्डेय और कल्पना सिंह का निबन्ध जोनल स्तर पर चयन किया गया। कु. शिवानी त्रिपाठी बी.ए. द्वितीय वर्ष ने जोनल स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में शिवानी त्रिपाठी को पदक एवं अन्य चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। यू.जी.सी. निर्देशानुसार अकादमिक समिति ने आजादी 70, याद करो कुर्बानी" के अन्तर्गत पौधारोपण स्वरचित काव्य पाठ, पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया। पूर्व प्राचार्या डॉ. शिप्रा सान्याल ने पौधारोपण कर छात्राओं को पर्यावरण हरा भरा बनाने का संकल्प कराया। बी.ए. द्वितीय वर्ष की शिवानी त्रिपाठी ने स्वरचित काव्य पाठ किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष की नवनीत कौर, वंदिता अग्रवाल, तृतीय वर्ष की छात्रा कुलसूम महमूद, एवं रश्मि ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत कर छात्राओं को जागरुक किया। पेन्टिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता में विजित प्रतिभागियों को प्रमाण

**2018-19**






**Abhinandan samaroh for Hon'ble VC of University of Allahabad (14/07/2018)**




**A farewell function for Ex–principal, Dr. Shipra Sanyal, Associate Professor Dr. Krishna Banerjee and Office Superintendent Sri Umesh Chandra Sharma on 31st July 2018 on the eve of their retirement.**

# Anokhi Club

**Under Women Cell Activity**

(27 July 2018)



09 हिन्दुस्तान

अनोखी क्लब

## 'दिल है हिन्दुस्तानी' में खूब जमाया रंग





**Anokhi Club function sponsered by Star Plus under Women Cell Activity (27 July 2018)**



**Fresher party "NAVONMESH 2018" on 08/09/2018**





**Celebration of Republic Day (26/01/2019)**



कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय में 6 यू.पी. गर्ल्स बटालियन के सहयोग से 20वाँ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। 26 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में भारत को विजय मिली थी। महाविद्यालय की कैडेट द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत की गई जिसमें फौजी की युद्ध के दौरान देश के लिये समर्पित नौजवानों की भूमिका को दिखाया गया, लघु नाटिका इतनी सजीव थी कि शहीदों की याद में आँखे नम हुई। लेकिन दूसरी तरफ विजय दिवस की खुशी में कैडेट्स के चेहरों पर खुशी की चमक दिखाई दी। अंत में कर्नल सुशांत गोविल कमाण्डिंग ऑफीसर 6 यू.पी. गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी. ने कैडेट को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कारगिल युद्ध के विषय में बताते हुये देश की रक्षा करने की प्रतिज्ञा करवाई। इस अवसर पर एडम ऑफीसर मेजर फरहा दीबा, कैप्टन रेखा रानी थर्ड ऑफीसर सोनी सिंह, केयर टेकर दीप शिखा सूबेदार मेजर जरनैल सिंह, जी.सी.आई. मंजू सिंह अत्यादि उपस्थित थे।




A farewell function for final year students "SHUBHKAMNA 2019" on 16 Feb 2019